NBT PAGE 6

बायोफ्यूल जैसे विकल्पों पर देना होगा जोर

■ एनबीटी सं., लखनऊ : पृथ्वी के तापमान को ग्रीन हाऊस गैसों ने बढ़ाया है। ऐसे में प्रदूषण पर लगाम के लिए वायोफ्यूल जैसे अन्य विकल्पों पर जोर देना होगा। यह बात एलयू के दीक्षांत सप्ताह के तहत चल रहे आयोजनों के क्रम में गुरुवार को वीवीएयू के अर्थशास्त्र विभाग के एचओडी प्रो. सनातन नायक ने कही। अर्थशास्त्र विभाग की तरफ आयोजित व्याख्यान में बोलते हुए प्रो. नायक ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदूषण कम करने के सरकारी प्रयास जारी हैं। भविष्य में भी ऊर्जा के ऐसे स्रोतों पर निर्भरता बढ़ानी होगी, जिनसे पर्यावरण परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा जा सके।

एलयू : दीक्षांत सप्ताह के तहत पर्यावरण पर आयोजित व्याख्यान में बोले वक्ता

प्रो. नायक ने कहा कि कन्वेंशनल एनर्जी से रिन्यूएबल एनर्जी के तरफ देश मुड़ा है। इस मौके पर एलयू के अर्थशास्त्र विभाग के एचओडी प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि कन्वोकेशन वीक के दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें पहला स्थान सर्वेश यादव व दूसरा ऐश्वर्या श्रीवास्तव को मिला। जबकि तीसरे स्थान पर अनुभव पांडे और पूजा पांडे संयुक्त रूप से विजेता बनीं। प्रो. विनोद सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उत्साहवर्द्धन किया।

हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

अर्थशास्त्र विभाग की तरफ से 'क्या भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है?' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव शामिल रहीं। इसमें अनन्या दीक्षित, संजना प्रकाश, विदिशा मिश्रा और मेघा तिवारी को विजेता घोषित किया गया।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि दीक्षांत : अब 188 नहीं, 189 मेडल दिए जाएंगे

राज्यपाल करेंगी गर्ल्स छात्रावास गंगा का उद्घाटन

माई सिटी रिपोर्टर

फुल ड्रेस रिहर्सल आज, परिधान बांटे

लखनऊ। लविवि के 21 जनवरी को होने वाले 65वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल न्यू कैंपस में तैयार गर्ल्स छात्रावास गंगा व कर्मचारी आवास का उद्घाटन भी करेंगी। वहीं दीक्षांत में दिए जाने वाले मेडल की संख्या 188 से बढ़कर 189 हो गई है। पहले यह मेडल सूची में जुड़ नहीं पाया था।

दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। न्यू कैंपस स्थित महिला छात्रावास को गंगा नाम दिया गया है जो फार्मेसी व मैनेजमेंट की छात्राओं के लिए होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विवि के फ्लैगशिप प्रोग्राम स्टूडेंट ओपीडी, वीसी केयर फंड, संवर्धन, कर्मोदय आदि का प्रजेंटेशन पंडाल के बाहर किया जाएगा।

दीक्षांत समारोह के मद्देनजर शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा। सुबह 11 बजे से शिक्षक व मेडल पाने वाले विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे। दीक्षांत के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों व उपाधि पाने वालों को परिधान वितरण बृहस्पतिवार से शुरू हो गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बृहस्पतिवार को सभी अधिकारियों व कमेटी प्रभारियों के साथ न्यू कैंपस में तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं न्यू कैंपस स्थित प्रॉक्टर कार्यालय पर सुबह से निर्धारित शुल्क देकर विद्यार्थियों ने अपने परिधान प्राप्त किए। शुक्रवार को भी परिधान वितरण जारी रहेगा। सभी को निर्धारित परिधान में रिहर्सल में भी शामिल होना होगा।

लविवि के दीक्षांत समारोह के मद्देनजर पदक पाने वाले छात्रों ने अपने परिधान लिए। - संवाद

17 टीमों ने लिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। दीक्षांतोत्सव के तहत लविवि क्रीड़ा परिषद की ओर से बृहस्पतिवार को अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वॉलीबॉल खेलकर किया। पहले दिन विवि व कॉलेजों की 40 में से 17 टीमों ने हिस्सा लिया।

लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और लखनऊ विवि के बीच मैच हुआ। कबड्डी में चंद्रभानु कॉलेज और मुमताज कॉलेज भिड़े। क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन और प्रो. राहुल पांडेय भी मौजूद रहे।

सांस्कृतिकी की ओर से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों ने गीत, संगीत व नृत्य से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिकी निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. बबिता जायसवाल, डॉ. अंजलि गुलाटी मौजूद रहे। दूसरी तरफ न्यू कैंपस के ज्यूरिस हॉल में एकल गायन और नृत्य की प्रतियोगिताएं हुईं। वैश्विक शांति व बंधुता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डीपीए सभागार में मानव श्रृंखला बनाई गई। संयोजक डॉ. वैशाली सक्सेना रहीं।



लविवि में अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट में खेलों में प्रदर्शन करते विद्यार्थी। - संवाद

जी-20 पर एक्सटेंपोर केमिस्ट्री का आयोजन

रसायन विज्ञान विभाग ने जी-20 राष्ट्रों के बीच क्लीनर, ग्रीनर और ब्ल्यूर पर्यावरण के लिए रासायनिक विज्ञान का प्रसार विषयक एक एक्स्टेंपोर रसायन विज्ञान का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने स्वच्छ, हरित और नीले पर्यावरण के लिए रासायनिक विज्ञान की भूमिका पर प्रस्तुति दी। निर्णायक डॉ. पूनम सिंह और डॉ. मंजुषा श्रीवास्तव एनबीआरआई रहे। इसमें एमएससी के आकाश मिश्रा ने प्रथम व आकाश शुक्ला ने द्वितीय और पल्लवी शुक्ला ने तीसरा पुरस्कार जीता।

वाद-विवाद प्रतियोगिता संग विशेष व्याख्यान

व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था 'क्या भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है'। विजेताओं को डीन वाणिज्य संकाय प्रो. आरके माहेश्वरी ने सम्मानित किया। वहीं अर्थशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान ग्रीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी एंड क्लाइमेट चेंज प्रोस्पेक्टस ऑन जी-20 प्रेसीडेंसी इन इंडिया में बीबीएयू के प्रो. सनातन नायक ने कहा कि पृथ्वी के तापमान को ग्रीन हाउस गैसों ने बढ़ाया है।

HINDUSTAN PAGE 8

सप्ताह समारोह में कुलपति ने अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

गीत-गायन के साथ बनाई मानव श्रृंखला

एलयू दीक्षांत

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में 65वें दीक्षांत सप्ताह के तहत वैश्विक शांति व बंधुता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डीपीए सभागार में मानव श्रृंखला बनाई गई। आयोजक डॉ. वैशाली सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि इस मानव श्रृंखला के माध्यम से वैश्विक शांति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं कई और सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन भी हुआ।

डी.फार्म प्रथम वर्ष ने जीती नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता: इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं सांस्कृतिकी द्वारा कॉनवोकेशन की गरिमा एवं महत्व पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेता डी फार्म प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स फातिमा खान, राशी सविता, आशीष मसीह, रुची, आदि रहे। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद ने अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। यहां एलयू क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। टूर्नामेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय में से कुल चालीस टीम ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पहली प्रतियोगिता वाली बॉल में लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच हुआ। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय विजयी रहा। कब्बड्डी में चंद्र भानु कॉलेज और मुमताज़ कॉलेज में से मुमताज़ पीजी कॉलेज जीता।

एलयू के 65वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय।

करियर काउंसलिंग और साक्षात्कार से जुड़े प्रश्न

एलयू विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र के द्वारा करियर काउंसलिंग व साक्षात्कार से जुड़े सत्र का आयोजन हुआ। उद्घाटन विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर बीडी सिंह ने किया। छात्रों को इंटरव्यू से जुड़े तथ्य पूछे गए।

फिजिक्स इन फार्मेसी पर व्याख्यान दिया

इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा एमिनेंट लेक्चर सीरीज क्रम का आयोजन हुआ। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. अशोक कुमार सिंह ने फिजिक्स इन फार्मेसी पर व्याख्यान दिया।

अनन्या-संजना ने जीती वाद-विवाद प्रतियोगिता

व्यावहारिक अर्थशास्त्र ने विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। विषय क्या भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है की विजेता अनन्या दीक्षित, संजना, विदिशा, मेघा विजेता रही।

दीक्षांत के मुख्य अतिथि कृष्णा स्वामी कस्तूरीरंगन

नवीन परिसर में 21 को होने वाले 65वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। समारोह के मुख्य अतिथि मशहूर वैज्ञानिक व राज्यसभा सांसद कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन भी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. मुरली मनोहर वर्मा करेंगे। जहां से वह राजभवन जाएंगे। ठहरने की व्यवस्था राजभवन के अतिथि ग्रह में की गई है।

65वें दीक्षांत समारोह की रिहर्सल आज

65वें दीक्षांत समारोह का शुक्रवार को पूर्वाभ्यास किया जाएगा। एलयू कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने नवीन परिसर स्थित आयोजन स्थल पर पहुंचकर 65वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

वॉलीबॉल में एलयू ने क्रिश्चियन कॉलेज को हराया

■ एनबीटी सं, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत सप्ताह के मौके पर गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने किया। प्रतियोगिताओं में एलयू और उससे संबद्ध महाविद्यालय से करीब 40 टीमों ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल में एलयू और कब्बड्डी में मुमताज़ पीजी कॉलेज ने जीत हासिल की। इसके अलावा अलग-अलग खेलों में 15 अन्य कॉलेज की टीमों ने जीत हासिल की। इस मौके पर एलयू की डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश दिवेदी, एलयू के क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ.रूपेश कुमार, न्यू कैंपस के निर्देशक प्रो. वीडी सिंह व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

एलयू के दीक्षांत सप्ताह के मौके पर हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

एलयू में मुमताज़ कॉलेज और सीआईएमएस के बीच हुई कबड्डी।

i-NEXT PAGE 2

दीक्षा समारोह सप्ताह के अंतर्गत लखनऊ यूनिवर्सिटी में कई कार्यक्रमों का आयोजन

म्यूजिक हो या स्पोर्ट्स, ये स्टूडेंट्स सबसे आगे

UPDATE LUCKNOW(19 Jan, inext): लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को एक ओर जहां स्टूडेंट्स ने स्पोर्ट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर गीत-संगीत के क्षेत्र में भी अपनी शानदार परफार्मेंस दिखाई. इतना ही नहीं, उन्होंने वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देकर दिखा दिया कि एलयू के स्टूडेंट्स सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, अन्य विधाओं में भी पूरी तरह परफेक्ट हैं...

वालीबॉल में छा गया क्रिश्चियन कालेज

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुआ दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट

LUCKNOW (19 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को एलयू क्रीड़ा परिषद की ओर से अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट का आयोजन किया. इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मैच की सर्विस के साथ किया. इस अवसर पर उन्होंने स्मारिका का भी विमोचन किया.

कुल 40 टीमें शामिल हुईं

टूर्नामेंट में एलयू से संबद्ध महाविद्यालयों में से कुल चालीस टीमों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें से सत्रह टीम ने पहले दिन अपना प्रदर्शन किया. क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि पहली वालीबाल प्रतियोगिता लखनऊ क्रिश्चियन कालेज और जय नारायण पीजी महाविद्यालय के बीच हुई, जिसमें लखनऊ क्रिश्चियन कालेज 25 अंक से विजयी रहा.

मुमताज कालेज ने बाजी मारी

कबड्डी में चंद्र भानु कालेज और मुमताज कालेज की टीमें शामिल हुईं. इसमें मुमताज पीजी कालेज विजयी रहा. इस अवसर पर अभिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, पूर्व खेल संघ के अध्यक्ष प्रो.राम मिलन, प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव व क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. राहुल पांडेय उपस्थित रहे.

आज होगी फुलड्रेस रिहर्सल

एलयू के 65वें दीक्षा समारोह का आयोजन 21 जनवरी को होगा. इससे पहले शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे द्वितीय परिसर के आयोजन स्थल पर कुलपति की अध्यक्षता में फुलड्रेस रिहर्सल होगा. गुरुवार को देर शाम तक कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपनी टीम के साथ आयोजन स्थल पर पहुंच कर कमियों को दूर करने के लिए निर्देश दिए. गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तैयारियां देखने के लिए शाम पांच बजे द्वितीय कैंपस पहुंचे.

एलयू कीड़ा परिषद की ओर से अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट का आयोजन | एलयू से संबद्ध महाविद्यालयों में से चालीस टीमों ने सहभागिता दर्ज कराई | सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी

अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ रहा देश

LUCKNOW (19 Jan): पृथ्वी के तापमान को ग्रीन हाऊस गैसों ने बढ़ाया है। प्रकृति के बारे में मानव व्यवहार हमेशा महत्वपूर्ण फैक्टर होगा। टेक्नोलाजिकल चेंज की अपनी सीमाएं हैं। यह विचार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. सनातन नायक ने रखे। लवि दीक्षा समारोह सप्ताह में अर्थशास्त्र विभाग के विशेष व्याख्यान में मुख्य अतिथि रहे। ग्रीन एनर्जी, टेक्नोलाजी एंड क्लाइमेट चेंज प्रोस्पेक्टस आन जी 20 प्रेसीडेंसी इन इंडिया पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. सनातन नायक ने कही।

उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों को छोड़कर अक्षय ऊर्जा की तरफ स्थानांतरित हो रहा हैं। भारत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदूषण को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें भविष्य में भी ऊर्जा के ऐसे स्रोतों पर निर्भरता बढ़ानी होगी, जिससे वातावरण के दुष्प्रभावों से पृथ्वी को बचाया जा सके। उन्होंने बताया भारत की भूमिका जी-20 समूह की अध्यक्षता के रूप में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस भूमिका को निभाने में मांग और पूर्ति श्रृंखला प्रबंध संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी, कार्बन क्रेडिट, कार्बन टैक्स, बायोफ्यूल के लिए राष्ट्रीय नीति जैसी महत्वपूर्ण नीतियों को कार्यान्वित कर रहा है। प्रदूषण दूर करने के लिए विकासशील देशों में कार्बन टैक्स लागू करने वाला भारत पहला देश है। सोलर पावर पर चलने वाला कोच्ची एयरपोर्ट विश्व का पहला एयरपोर्ट है। बायोफ्यूल पर नेशनल पॉलिसी, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन, एनवायरमेंटल परफारमेंस इंडेक्स इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में भारत अत्यधिक तेजी से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा क्षमता निखार कर समाज के लिए उपयोगी बनाया जा सके।

नुक्कड़ नाटक

इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं सांस्कृतिकी की ओर से कन्वोकेशन की गरिमा एवं महत्व विषय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें बीफार्म एवं डीफार्म के 50 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता डीफार्म प्रथम वर्ष की फातिमा खान, राशी सविता, आशीष मसीह, रुची, मोहम्मद अरफात, राहुल, रिफत परवीन, आस्था, सौरभ, विशाल, मो. हुसैन, सुजीत रावत, अलीशा कोसर रहे. द्वितीय पुरस्कार बीफार्म प्रथम वर्ष के फाकल, साक्षी, देवेश, आदित्य, पवन, प्रियांशु प्रकाश, शिवम, ऋषि दुबे को मिला.

होंठो से छू लो तुम, मेरा गीत अमर कर दो...

LUCKNOW (19 Jan): होंठो से छू लो तुम, मेरा गीत अमर कर दो, बन जाओ मीत मेरे, मेरी प्रीत अमर कर दो. एकल गायन प्रतियोगिता में छात्रा शुभ्रा त्रिपाठी की ओर से गाए इस गीत को सुनकर सभागार तालियों से गूंज उठा. द्वितीय परिसर में हुए कार्यक्रम में प्रो. सतीश पांडेय, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह भी उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में देवेश, जुमन, फैजल, अर्पिता गौतम, खुशी राज सहित कई संस्थानों के भी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जज के रूप में उपस्थित प्रो. ललित श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया।

संगीत और नृत्य ने बांधा समां : पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। नृत्य, संगीत कला के प्रदर्शन में उनकी खूब प्रशंसा हुई। कविता पाठ को भी पसंद किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल, विभागध्यक्ष प्रो. बबिता जायसवाल, डा. अंजलि गुलाटी, प्रो. अलका पांडेय, डा. ज्योति मिश्रा, डा. प्रवीश प्रकाश सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता

65वें दीक्षा समारोह सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग ने वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की. क्या भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है? विषय पर हुई इस प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों ने भाग लिया. अनन्या दीक्षित, संजना प्रकाश, विदिशा मिश्रा और मेघा तिवारी को वाद-विवाद विजेता घोषित किया गया.

संगीत, नृत्य ने बांधा समां

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी. नृत्य, संगीत कला के प्रदर्शन में उनकी खूब प्रशंसा हुई. कविता पाठ को भी पसंद किया गया.

JAGRAN CITY PAGE III

रिहर्सल आज, परखी जाएंगी तैयारियां

द्वितीय परिसर में सुबह 11:30 से होगा लवि दीक्षा समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षा समारोह का आयोजन 21 जनवरी को होगा। इससे पहले शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे द्वितीय परिसर के आयोजन स्थल पर कुलपति की अध्यक्षता में फुलड्रेस रिहर्सल होगा।

दीक्षा समारोह के लिए लवि के द्वितीय परिसर में भव्य पंडाल और मंच बना है। गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तैयारियां देखने के लिए शाम पांच बजे द्वितीय कैंपस पहुंचे। उनके साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल भी थे। करीब दो घंटे रुक कर कुलपति ने पंडाल व्यवस्था, कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की तैयारी, मंच की साज सज्जा, मेधावियों और उनके अभिभावकों के बैठने से लेकर अन्य तैयारियां देखीं। जहां कमी मिली, उसे तत्काल दूर करने के लिए कहा। पंडाल के पास विशिष्ट अतिथियों के लिए तीन ग्रीन रूम भी बनाए गए हैं। मिलिट्री का बैंड भी रहेगा। पंडाल के अंदर व आसपास विश्वविद्यालय की उपलब्धियां दिखाने की भी व्यवस्था की गई है।

छात्राओं के लिए तैयार किए गए जिस छात्रावास का लोकार्पण होना है, उसका नाम गंगा रखा गया है। वहीं, समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षकों की ओर से लिखी गईं 11 किताबों का विमोचन भी कुलाधिपति करेंगी।

189 पदक : दीक्षा समारोह में अब कुल 189 पदक दिए जाएंगे। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि पहले 188 पदक थे। एक पदक छूट गया था, जिसे बाद में शामिल किया गया। 101 मेधावियों में 189 पदक दिए जाएंगे। 43000 डिग्रियां भी दी जाएंगी।

'अक्षय ऊर्जा की ओर स्थानांतरित हो रहा भारत'

जासं, लखनऊ : 'पृथ्वी के तापमान को ग्रीन हाऊस गैसों ने बढ़ाया है। प्रकृति के बारे में मानव व्यवहार हमेशा महत्वपूर्ण फैक्टर होगा। टेक्नोलाजिकल चेंज की अपनी सीमाएं हैं। यह विचार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. सनातन नायक ने रखे। लवि दीक्षा समारोह सप्ताह में अर्थशास्त्र विभाग के विशेष व्याख्यान में मुख्य अतिथि रहे। ग्रीन एनर्जी, टेक्नोलाजी एंड क्लाइमेट चेंज प्रोस्पेक्टस आन जी 20 प्रेसीडेंसी इन इंडिया पर उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों को छोड़कर अक्षय ऊर्जा की तरफ स्थानांतरित हो रहा है। निबंध प्रतियोगिता में सर्वेश प्रथम, ऐश्वर्या द्वितीय व अनुभव और पूजा तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार हर्षित और नित्या मिश्रा को मिला।

'होंठों से छू लो तुम, मेरा गीत अमर कर दो'

गीत गातीं रिया मिश्रा ● जागरण

डांस करतीं अर्पिता ● जागरण

जासं, लखनऊ : ' होंठों से छू लो तुम, मेरा गीत अमर कर दो, बन जाओ मीत मेरे, मेरी प्रीत अमर कर दो। एकल गायन प्रतियोगिता में छात्रा शुभ्रा त्रिपाठी की ओर से गाए इस गीत को सुनकर सभागार तालियों से गूंज उठा। मौका था गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में छठे दिन आयोजित दीक्षा समारोह सप्ताह में एकल गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का। इस अवसर पर पुराने और नए परिसर में उत्सव की धूम रही। विभिन्न विभागों में प्रतियोगिताएं, व्याख्यान से लेकर कई आयोजन हुए।

द्वितीय परिसर में हुए कार्यक्रम में प्रो. सतीश पांडेय, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में देवेश, जुमन, फैजल, अर्पिता गौतम, खुशी राज सहित कई संस्थानों के भी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जज के रूप में उपस्थित प्रो. ललित श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया।

संगीत और नृत्य ने बांधा समां : पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। नृत्य, संगीत कला के प्रदर्शन में उनकी खूब प्रशंसा हुई। कविता पाठ को भी पसंद किया गया। अपने नृत्य से दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

टेक्निकल टीम करेगी प्रॉब्लम साल्व

एलयू में नहीं खुला परीक्षा फार्म, स्टूडेंट्स होते रहे परेशान

LUCKNOW (19 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से जारी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने में गुरुवार को छात्र-छात्राएं काफी परेशान रहे. छात्रों की मानें तो स्नातक कक्षाओं में बीबीए, बीए और बीकाम पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा फार्म शाम तक नहीं खुल सके. बीए तीसरे सेमेस्टर अर्थशास्त्र में आनलाइन विकल्प में चौथे सेमेस्टर के कई विषय खुल रहे हैं.

विकल्प नहीं दिख रहा

यही नहीं, एमकाम तीसरे सेमेस्टर में कालेज चयनित करने पर विकल्प नहीं आ रहा. फिलहाल परीक्षा विभाग ने समस्या दूर करने के लिए अपने कार्यालय में टेक्निकल टीम बैठा दी है.

21 जनवरी है लास्ट डेट

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 12 जनवरी को बीबीए, विधि सहित कई पाठ्यक्रमों में विषम सेमेस्टर के फार्म जारी किए. 21 जनवरी अंतिम तिथि तय है. लेकिन बीबीए पांचवें सेमेस्टर के फार्म अब तक नहीं खुले. बुधवार को स्नातक विषय सेमेस्टर परीक्षा के फार्म भरने का भी विकल्प खोल दिया. यहां भी बीए, बीकाम पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा फार्म देर शाम तक नहीं खुले. हेल्पलाइन पर शिकायत की तो समाधान का आश्वासन दिया गया.

स्टूडेंट्स परेशान हैं

वहीं इस समस्या से लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स काफी परेशान हैं. उनका कहना है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए.

CONCEPT PIC

पांच विषय ही दिख रहे

कालेजों की मानें तो बीकाम प्रथम सेमेस्टर में नई शिक्षा नीति के छह में से पांच विषय ही पोर्टल पर दिख रहे हैं. बैक पेपर और इक्जेम्प्टेड के फार्म भी नहीं भर पा रहे हैं. एमएससी फिजिक्स के छात्रों की भी यही समस्या रही. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि जो भी शिकायतें आ रही हैं, उसका निस्तारण किया जा रहा है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रकृति के बारे में मानव व्यवहार महत्वपूर्ण : प्रो . नायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पृथ्वी के तापमान को ग्रीन हाऊस गैसों ने बढ़ाया है। प्रकृति के बारे में मानव व्यवहार हमेशा महत्वपूर्ण फैक्टर होगा। टेक्नोलॉजिकल चेंज की अपनी सीमाएं है।

उक्त बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह सप्ताह में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान "ग्रीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी एंड क्लाइमेट चेंज प्रोस्पेक्टस ऑन जी-20 प्रेसीडेंसी इन इंडिया" पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. सनातन नायक ने कही।

उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों को छोड़कर अक्षय ऊर्जा की तरफ स्थानांतरित हो रहा हैं। भारत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदूषण को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें भविष्य में भी ऊर्जा के ऐसे स्रोतों पर निर्भरता बढ़ानी होगी, जिससे वातावरण परिवर्तन के दुष्प्रभावों से पृथ्वी को बचाया जा सके। उन्होंने बताया भारत की भूमिका जी-20 समूह की अध्यक्षता के रूप में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस भूमिका को निभाने में मांग और पूर्ति श्रृंखला प्रबंध संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने कहा कि दीक्षांत सप्ताह में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा व क्षमता को निखार कर उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाया जा सके।

बीबीएयू के प्रो . सनातन नायक को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां पूरी, फुल डे रिहर्सल आज

लखनऊ एसएनबी)। आगामी 21 जनवरी को न्यू कैंपस में होने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियां बृहस्पतिवार की शाम तक लगभग पूरी हो गई।दीक्षांत समारोह के एक दिन पहले यानी कल शुक्रवार को फ